## एक दिवसीय वन्य प्राणी संरक्षण कार्यशाला का आयोजन

08 Oct 2024

राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में 08 अक्तूबर 2024 को वन्य विभाग के सौजन्य से एक दिवसीय वन्य प्राणी संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन्य विभाग से आए वन रक्षकों ने छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के साथ लगते जंगल में एक भ्रमण करवाया और विद्यार्थियों को समृद्ध वन सम्पदा जिसमें वनस्पतिजात एवं प्राणीजात के बारे में जानकारी दी। साथ ही वन सम्पदा के महत्व को देखते हुए उसके संरक्षण के उपायों की भी जानकारी दी। महाविद्यालय में गणित के आचार्य प्रो इन्दु प्रकाश ने छात्रों को वन औषधियों, वन्य प्राणियों की विभिन्न प्रजातियों पर एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया और छात्रों के साथ एक सार्थक परिचर्चा की जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्राचार्या डा दीपशिखा भारद्वाज ने जानकारी दी कि इस तरह की कार्यशालाएं नई पीढ़ी में वन सम्पदा के लिए जागरूकता एवं वनों को बचाने की भावना उत्पन्न करती है। इस तरह के प्रयासों को भविष्य में बढ़ावा देने की बात भी कही।

Principal
Govt. Degree College
Chail-Koti, Shimla-12
9/10/24

बनाने के लिए सभी शिक्षकों, एनसीसी से बच्चों में हम भारतीय है

# डिग्री कॉलेज चायल कोटी में वन्य प्राणी कार्यशाला आयोजित




देवभूमि मिरर/शिमला

राजकीय महाविद्यालय चायल कोठी में वन्य विभाग के सौजन्य से एक दिवसीय वन्य प्राणी संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन्य विभाग से आए वनरक्षको ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के साथ लगते जंगल में एक भ्रमण करवाया गया तथा विद्यार्थियों को वनस्पतिजात एवं प्राणीजात के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वन संपदा के महत्व और उनके संरक्षण के उपायों की भी जानकारी दी। महाविद्यालय में गणित के आचार्य इंद्र प्रकाश ने छात्रों को वन्य औषधीय एवम वन्य प्राणियों की विभिन्न प्रजा... पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होने छात्रों के साथ एक सार्थक परिचर्चा की गई। जिसमें सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ दीपशिखा भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं नई पीढ़ी में वन संपदा के लिए जागरुकता एवं वनों को बचाने की भावना उत्पन्न करती है। इस अवसर पर वनरक्षक लब्बू राम ठाकुर व वनरक्षक अमृत नेगी, प्रोफेसर अमृत मेहत्ता, प्रोफेसर देविन्दर शर्मा, आदि

Principal
Govt. Degree College
Chail-Koti, Shimla-12

रिपोर्ट                दिनांक : 26/10/2024

राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में इको क्लब के बैनर तले अंतर कक्षाएं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुभाष कापटा ने किया। इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग के अंतर कक्षाएं प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष के खिलाड़ी विजयी रहे। जबकि छात्रा वर्ग में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने बाजी मारी। डॉ सुभाष कापटा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत महत्व है जिससे बच्चों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा, परिश्रम और आगे बढ़ने की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने स्वस्थ रहने और नशे से दूर रहने के लिए खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि कॉलेज हर शनिवार इस तरह के खेल कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

Principal
Govt. Degree College
Chail-Koti, Shimla-12

# तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता



चम्बा एक्सप्रेस। शिमला

राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में इको क्लब के बैनर तले अंतर कक्षाएं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसका शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य डॉ0 सुभाष कापटा ने किया । प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की अंतर कक्षाएं प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के खिलाड़ी विजय रहे। जबकि छात्रा वर्ग में भी बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने बाजी मारी । डॉ0 सुभाष कपटा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। बच्चों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है । ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा, परिश्रम और आगे बढ़ने की भावना उत्पन्न होती है । स्वस्थ रहने और नशे से दूर रहने के लिए खेलों में बे चे कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने बताया कि कॉलेज हर शनिवार इस तरह के खेल कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

Principal
Govt. Degree College
Chail-Koti, Shimla-12